"जैव विविधता संरक्षण.....प्रकृति के साथ जीने की कला"

# कार्यालय उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड, देहरादून।

उत्तराखण्ड जैवविविधता बोर्ड
UTTARAKHAND BIODIVERSITY BOARD

ई–मेल : sbbuttarakhand@gmail.com
वेबसाइट : www.sbb.uk.gov.in
423, इन्दिरा नगर कॉलोनी (निकट मलिक चौक), देहरादून–248006 (टेलीफैक्स - 0135-2769886)

पत्रांक: 659/उ०जै०वि०बो०–16–3

दिनांक 23, मई, 2025

सेवा में,

1 मुख्य वन संरक्षक,
एन०टी०एफ०पी०, उत्तराखण्ड, देहरादून
प्रमुख वन संरक्षक, उत्तराखण्ड द्वारा नामित।
(पदेन सदस्य, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड)

2 निदेशक,
पशुपालन विभाग,
पशुधन भवन, गोथरोंवाला, उत्तराखण्ड देहरादून
(पदेन सदस्य, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड)।

3 निदेशक,
कृषि विभाग,
नन्दा की चौकी, प्रेमनगर, देहरादून
(पदेन सदस्य, उत्तराखण्ड, जैव विविधता बोर्ड)।

4 निदेशक,
जनजाति कल्याण विभाग,
शहीद भगत सिंह कॉलोनी, अधोईवाला, पोस्ट डालनवाला, देहरादून।
(पदेन सदस्य, उत्तराखण्ड, जैव विविधता बोर्ड)।

5 निदेशक,
जड़ी–बूटी शोध संस्थान, गोपेश्वर चमोली।
(विशेषज्ञ सदस्य, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड)।

6 निदेशक,
भारतीय वन्य जीव संस्थान, चन्द्रबनी,
देहरादून द्वारा नामित प्रतिनिधि।
(विशेषज्ञ सदस्य, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड)।

7 निदेशक,
जी.बी. पन्त राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण एवं सतत् विकास संस्थान, कोसी कटारमल, अल्मोडा द्वारा नामित प्रतिनिधि
(विशेषज्ञ सदस्य, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड)।

8 निदेशक/कार्यालयाध्यक्ष,
भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण संस्थान, कौलागढ़, रोड, देहरादून या नामित प्रतिनिधि
(विशेषज्ञ सदस्य, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड)।

**विषयः उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड की चौबीसवीं ($24^{th}$) बोर्ड बैठक दिनांक 20.05.2025 का कार्यवत्त।**

महोदय,

दिनांक 20.05.2025 को उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड, देहरादून की चौबीसवीं ($24^{th}$) बोर्ड बैठक का कार्यवृत्त आपको सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है।

<u>संलग्नक–यथोपरि।</u>

भवदीय,

(नीतीश मणि त्रिपाठी)
सदस्य–सचिव,
उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड,
देहरादून।

P.T.O.

पत्रांकः 659 /16–3 (24th बोर्ड बैठक) तद्दिनांकित।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. निदेशक, वन अनुसंधान संस्थान (एफ०आर०आई०), न्यू फॉरेस्ट, देहरादून।
2. निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्यान भवन, चौबटिया रानीखेत, अल्मोडा।
3. निदेशक, मत्स्य पालन, बडासी ग्रान्ट, धन्याड़ी, रायपुर, उत्तराखण्ड, देहरादून।
4. विभागाध्यक्ष, भारतीय प्राणी सर्वेक्षण, 292, कौलागढ़ रोड, देहरादून।

(नीतीश मणि त्रिपाठी)
सदस्य–सचिव,
उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड,
देहरादून।

पत्रांकः 659 /16–3 (24th बोर्ड बैठक) तद्दिनांकित।

प्रतिलिपिः अध्यक्ष, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड को संज्ञानार्थ प्रेषित।

(नीतीश मणि त्रिपाठी)
सदस्य–सचिव,
उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड,
देहरादून।

# उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड, देहरादून की चौबीसवीं (24th) बैठक दिनांक 20 मई, 2025 का कार्यवृत्तः–

उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड की चौबीसवीं (24th) बैठक डॉ० एस०पी० सुबुद्धि, अध्यक्ष, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड की अध्यक्षता में दिनांक 20.05.2025 को बोर्ड कार्यालय, देहरादून में सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यगणों की सूची अनुलग्न है **(संलग्नक–1)**

इस कार्यालय के पत्रांक 611 / उ०जै०वि०बो०–16–3 दिनांक 06.05.2025 द्वारा बोर्ड की 24वीं बोर्ड बैठक आहुत की गयी थी। बोर्ड में एजेण्डा के अनुसार विचार–विमर्श कर निम्नलिखित निर्णय लिये गयेः–

**एजेण्डा नं०–1: उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड कार्यालय में नये अध्यक्ष महोदय का बोर्ड के सम्मानित सदस्यों के साथ परिचय।**

अध्यक्ष, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड द्वारा बोर्ड के सदस्यों के साथ परिचय किया गया ।

**ऐजेण्डा नं०–2: उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड की दिनांक 30.09.2024 को सम्पन्न बोर्ड की 23वीं बोर्ड बैठक के कार्यवृत्त की अनुपालन आख्या के सम्बन्ध मेंः–**

| क्र० सं० | बैठक के बिन्दु | बैठक में लिया गया निर्णय |
|---|---|---|
| 1. | बोर्ड के लेखा परीक्षण हेतु नवीन ऑडिटर का चयन किया जाना। | वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु बोर्ड द्वारा नया ऑडिटर रखे जाने के लिये सदस्य–सचिव, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड को सर्वसम्मिति से अधिकृत किया गया। |
| 2. | शासन को प्रेषित हर्बल मिशन परियोजना पर चर्चा। | चूंकि हर्बल मिशन परियोजना हेतु प्रस्तावित धनराशि इस वित्तीय वर्ष में शासन से अब तक प्राप्त नहीं हुई है इसलिये इस पर बोर्ड स्तर से फिलहाल कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं है। |

**एजेण्डा नं०–3: उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड कार्यालय में वाह्य स्रोत से कार्यरत कार्मिकों के सेवा विस्तार के सम्बन्ध में अनुमोदन प्राप्त करना :–**

प्रमुख सचिव, पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग की अध्यक्षता में दिनांक 22.04.2025 को आहुत बैठक के कार्यवृत्त के बिन्दु संख्याः 2–B में निम्नलिखित निर्देश निर्गत हुये हैं :–

**"उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड के कार्यो के संचालन हेतु उक्त आदेश की शर्तो के अधीन वाह्य सेवा कार्मिकों को योजित किये जाने हेतु न्यूनतम अपरिहार्य आवश्यकता का आंकलन कर, बोर्ड स्तर पर ही प्रकरण में इस बार के लिये अग्रेतर कार्यवाही की जाये"**

उक्त के क्रम में उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड कार्यालय में वाह्य स्रोत से कार्यरत कार्मिकों के सेवा विस्तार के सम्बन्ध में बोर्ड से अनुमोदन प्राप्त किया जाना अपेक्षित है।

उक्त के सम्बन्ध में सांख्यिकीय अधिकारी, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड द्वारा यह अवगत कराया गया कि उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड द्वारा इस कार्यालय की पत्र संख्याः 644/उ०जै०वि०बो०–1–1 दिनांक 27.03.2024 द्वारा उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड के संगठनात्मक ढांचे के प्रस्ताव में 47 विभिन्न पद तथा 14 आउटसोर्स के पद की औचित्यपूर्ण मांग प्रेषित की गयी थी। जिसे शासन में बैठक उपरान्त 47 को घटाकर 34 विभिन्न पद तथा आउटसोर्स सेवाओं के अन्य पदों का प्रस्ताव इस कार्यालय की पत्र संख्याः 179/उ०जै०वि०बो०–26–1 दिनांक 10.10.2024 को शासन को प्रेषित किया गया है। आज की तिथि में जिन उपनल/वाह्य सेवा के कार्मिकों का सेवा विस्तार किया जाना प्रस्तावित है, उनकी कुल संख्याः 27 है। इस प्रकार शासन को प्रेषित संगठनात्मक ढांचे के प्रस्ताव में प्रेषित संख्या से यह संख्याः काफी कम है। अतः उक्त 27 उपनल/वाह्य सेवा के कार्मिकों का सेवा विस्तार किया जाना औचित्यपूर्ण है।

निर्णयः– बोर्ड द्वारा सम्यकविचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया कि उक्त 27 उपनल/वाह्य सेवा के कार्मिकों का सेवा विस्तार 01.04.2025 से 31.03.2026 तक कर लिया जाये तथा उपनल तथा अन्य वाह्य सेवा प्रदाताओं से पूर्व की शर्तों के अनुरूप ही उक्तानुसार अनुबन्ध किये जाने हेतु सदस्य–सचिव, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड को अधिकृत किया गया।

एजेण्डा नं०–4: **Uttarakhand State Council For Science and Technology द्वारा Project Proposal on Investigation of the Angiosperm Flora of Champawat District, Uttarakhand के सम्बन्ध में वित्त पोषण हेतु बोर्ड का अनुमोदन प्राप्त करना :–**

Uttarakhand State Council For Science and Technology ने अपने पत्र संख्याः UCOST/RP/2025/27544 दिनांक 03.04.2025 द्वारा `21,50,500/- मात्र का द्विवर्षीय प्रस्ताव "Investigation of the Angiosperm Flora of Champawat, District, Uttarakhand" प्राप्त हुआ है। जिस पर बोर्ड का अनुमोदन दिये जाने पर विचार किया जाना है।

निर्णयः–उक्त के सम्बन्ध में बोर्ड द्वारा निर्णय लिया गया कि जैव विविधता बोर्ड को ए०बी०एस० के रूप में प्राप्त धनराशि सम्बन्धित जैव विविधता प्रबन्ध समितियों को उपलब्ध कराये जाने के लिये ही नियमानुसार प्राप्त होती है। किसी अन्य संस्था की किसी परियोजना का वित्त पोषण किये जाने हेतु बोर्ड स्तर पर पृथक से कोई धनराशि उपलब्ध नहीं है। यदि किसी प्रस्ताव का वित्त पोषण किया भी जाना हो तो उक्त वित्त पोषण हेतु उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड में फिलहाल किसी मानक का निर्धारण नहीं हुआ है। अध्यक्ष, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड ने यह निर्देशित किया कि उक्त मानक के निर्धारण हेतु जैव विविधता बोर्ड के सदस्य श्री एस०के० सिंह, विभागाध्यक्ष, भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण, देहरादून की अध्यक्षता में निम्नानुसार समिति का गठन किया जायेः–

1. श्री एस०के० सिंह, विभागाध्यक्ष, भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण, देहरादून–अध्यक्ष
2. डा० गौरव शर्मा, विभागाध्यक्ष, भारतीय प्राणी सर्वेक्षण–सदस्य
3. श्री नरेन्द्र बिष्ट SMPB, प्रतिनिधि, जड़ी–बूटी शोध संस्थान, गोपेश्वर चमोली–सदस्य

4. श्री मनोज सेमल्टी, सांख्यिकीय अधिकारी, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड–सदस्य–सचिव

उक्त समिति अपनी रिपोर्ट आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्तुत करेंगे।

एजेण्डा नं०–5: उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड के वित्तीय वर्ष 2024–25 के आय–व्यय पर बोर्ड का अनुमोदन प्राप्त करना।

वित्तीय वर्ष 2024–25 के बोर्ड फण्ड का आय–व्यय का सारांश

| क्र० सं० | मानक मद | Opening Balance 01 April, 2024 (लाख में) | वित्तीय वर्ष 2024–25 में वन विभाग द्वारा प्राप्त धनराशि (लाख में) | कुल धनराशि (लाख में) | 31 अगस्त, 2024 तक व्यय धनराशि (लाख में) | 01 सितम्बर, 2024 से 31.03.25 तक व्यय धनराशि (लाख में) | कुल व्यय धनराशि (लाख में) | शेष धनराशि (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 56–सहायक अनुदान (सामान्य गैर वेतन) | 84.36 | 100.00 | 184.36 | 53.62 | 74.38 | 128.00 | 56.36 |
| 2 | 08–पारिश्रमिक | – | 25.00 | 25.00 | – | – | – | 25.00 |
| 3 | 27–व्यावसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिये भुगतान | – | 25.00 | 25.00 | – | – | – | 25.00 |
| | योग | **84.36** | **150.00** | **234.36** | **53.62** | **74.38** | 128.00 | **106.36** |

**एन०बी०ए० फण्ड का आय–व्यय का विवरण :–**

| क्र०सं० | प्राप्त धनराशि का श्रोत | वित्तीय वर्ष 2024–25 में प्राप्त धनराशि | दिनांक 31.03.2025 तक व्यय धनराशि (रू० में) | शेष धनराशि (रू० में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अन्तर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस, 2024 | 3,00,000.00 | 3,00,000.00 | – |
| 2. | विश्व पर्यायवरण दिवस, 2024 | 50,000.00 | 50,000.00 | – |
| 3. | अन्तराष्ट्रीय योग दिवस, 2024 | 8,017.00 | 8,017.00 | – |
| 4. | Outsourcing | 14,35,747.00 | 8,93,834.00 | 5,41,913.00 |
| | योग | **17,93,764.00** | **12,51,851.00** | **5,41,913.00** |

**ए०बी०एस० फण्ड का आय–व्यय का विवरण :–**

| क्र० सं० | प्राप्त धनराशि का श्रोत | वित्तीय वर्ष 2024–25 में प्राप्त धनराशि (लाख में) | दिनांक 31.03.2025 तक व्यय धनराशि (रू० में) | शेष धनराशि (लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | औद्योगिक इकाईयां (ABS 5% + Fees) | 11.90 | 6.76 | 5.14 |
| | औद्योगिक इकाईयां | 165.00 | – | 165.00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | (ABS 95%) | | | |
| | योग | 176.90 | 6.76 | 170.14 |

निर्णयः— बोर्ड के समस्त उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से बजट का अनुमोदन किया गया।

एजेण्डा नं०—6: भारत सरकार द्वारा जारी संशोधित/नवीन जैव विविधता नियमावली के अनुरूप उत्तराखण्ड जैव विविधता नियमावली, 2015 को संशोधित किया जाना।

निर्णयः— उक्त के सम्बन्ध में बोर्ड द्वारा निर्णय लिया गया कि सदस्य—सचिव, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड की अध्यक्षता में एक समिति का निम्नानुसार गठन किया जाये:—

1. श्री नीतीश मणि त्रिपाठी, सदस्य—सचिव, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड, देहरादून—अध्यक्ष।
2. डा० गौरव शर्मा, विभागाध्यक्ष, भारतीय प्राणी सर्वेक्षण—सदस्य।
3. श्री एस०के० सिंह, विभागाध्यक्ष, भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण, देहरादून—सदस्य।
4. श्री मनोज सेमल्टी, सांख्यिकीय अधिकारी, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड, देहरादून—सदस्य—सचिव।

उक्त समिति आगामी बोर्ड बैठक में संशोधित उत्तराखण्ड जैव विविधता नियमावली का ड्राफ्ट प्रस्तुत करेंगे।

एजेण्डा नं०—7: अन्य विश्वविद्यालयों (Graphic Era, Dehradun) एवं अन्य राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं (यू०एन०डी०पी०) इत्यादि के साथ knowledge partnership MoU किये जाने पर विचार—विमर्श।

निर्णयः—उक्त के सम्बन्ध में बोर्ड द्वारा सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गयी। साथ ही निर्णय लिया गया कि Biodiversity Conservation के लिये knowledge network स्थापित किया जाये तथा ग्राफिक ऐरा डीम्ड यूनिवसर्विटी के अतिरिक्त अन्य संस्थानों का भी चयन किया जाये जिनके साथ MoU-Memorandum of Understanding किया जा सके।

एजेण्डा नं०—8: <u>उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड की वित्तीय वर्ष 2024—25 की ऑडिटर से प्राप्त ऑडिट रिपोर्ट एवं बैलेंस शीट बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करना।</u>

मैसर्स सुदर्शन शर्मा एण्ड कम्पनी चार्टेड एकाउन्टैन्टस द्वारा वित्तीय वर्ष 2024—25 की बोर्ड कार्यालय के लेखाओं का लेखा परीक्षण (Audit) किया गया। उनके द्वारा किये गये लेखाओं का लेखा परीक्षण (Audit) के अनुसार तुलन पत्र (Balance Sheet) इस कार्यालय को उपलब्ध कराई गयी जिसे बोर्ड के अनुमोदनार्थ/अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया।

निर्णयः—बोर्ड द्वारा उक्त ऑडिट रिपोर्ट का संज्ञान लिया गया तथा अवलोकनोपरान्त अनुमोदन किया गया।

एजेण्डा नं०—9: तितली ट्रस्ट, देहरादून द्वारा परियोजना शीर्षक "Promoting nature linked livelihood and community conservation in the Rathuadab landscape in Uttarakhand" की प्रगति रिपोर्ट पर प्रस्तुतीकरण तथा तितली ट्रस्ट, देहरादून को रू० 2.00 लाख की अन्तिम किस्त जारी किये जाने का अनुमोदन प्राप्त करना।

तितली ट्रस्ट, देहरादून द्वारा परियोजना शीर्षक "Promoting nature linked livelihood and community conservation in the Rathuadab landscape in Uttarakhand" की प्रगति रिपोर्ट पर प्रस्तुतीकरण श्री संजय सौंधी द्वारा ऑनलाईन किया गया।

निर्णयः—बोर्ड द्वारा उक्त परियोजना "Promoting nature linked livelihood and community conservation in the Rathuadab landscape in Uttarakhand" से सम्बन्धित प्रस्तुतीकरण देखने के उपरान्त परियोजना पर संतुष्टि व्यक्त की गयी तथा तितली ट्रस्ट, देहरादून को चतुर्थ/अन्तिम किस्त भुगतान किये जाने हेतु सदस्य—सचिव, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड को अधिकृत किया गया।

एजेण्डा नं०—10: ए०बी०एस० के सम्बन्ध में।

निर्णयः—बी०एम०सी० से प्रोजैक्ट बनाये जाने हेतु तथा बी०एम०सी० को ए०बी०एस० मद से धनराशि उपलब्ध कराये जाने हेतु मानक प्रक्रिया के निर्धारण के लिये अध्यक्ष, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड द्वारा निम्नानुसार समिति के गठन का निर्देश दियाः—

1. डा० गौरव शर्मा, विभागाध्यक्ष, भारतीय प्राणी सर्वेक्षण—अध्यक्ष।
2. श्री एस०के० सिंह, विभागाध्यक्ष, भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण, देहरादून—सदस्य।
3. श्री मनोज सेमल्टी, सांख्यिकीय अधिकारी, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड, देहरादून—सदस्य—सचिव।

उक्त समिति आगामी बोर्ड बैठक में ए०बी०एस० की प्रस्तावित मानक प्रक्रिया का प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन हुआ।

(नीतीश मणि त्रिपाठी)
सदस्य—सचिव
उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड,
देहरादून

अनुमोदित

(डा० एस०पी० सुबुद्धि)
अध्यक्ष,
उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड,
देहरादून

## संलग्नक–1
## बैठक में उपस्थित सदस्यगणों की सूची

| क्र० सं० | अधिकारी का नाम | पदनाम | बैठक में प्रतिभाग करने का माध्यम |
|---|---|---|---|
| 1. | डा० बिवाश पाण्डव | भारतीय वन्य जीव संस्थान, चन्द्रबनी, देहरादून | व्यक्तिगत रूप से उपस्थित |
| 2. | डा० सुनील कुमार अवस्थी | संयुक्त निदेशक, पशुपालन विभाग, उत्तराखण्ड, देहरादून | व्यक्तिगत रूप से उपस्थित |
| 3. | श्री जगदीश टम्टा | कृषि विभाग, देहरादून, उत्तराखण्ड | व्यक्तिगत रूप से उपस्थित |
| 4. | श्री नरेन्द्र बिष्ट | SMPB, प्रतिनिधि, जड़ी–बूटी शोध संस्थान, गोपेश्वर चमोली | व्यक्तिगत रूप से उपस्थित |
| 5. | डा० गौरव शर्मा | विभागाध्यक्ष, भारतीय प्राणी सर्वेक्षण, कौलागढ रोड, देहरादून | व्यक्तिगत रूप से उपस्थित |
| 6. | श्री एस०के० सिंह | विभागाध्यक्ष, भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण, देहरादून | व्यक्तिगत रूप से उपस्थित |
| 7. | श्री नीतीश मणि त्रिपाठी | सदस्य–सचिव, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड, देहरादून | व्यक्तिगत रूप से उपस्थित |
| 8. | श्री संजय सौंधी | तितली ट्रस्ट, देहरादून | वर्चुअल |
| 9. | श्री विनीत पुरोहित | जड़ी–बूटी शोध संस्थान, गोपेश्वर चमोली | वर्चुअल |